दिन– शनिवार                                                                 दिनांक– 05 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।                                             अवधि – 05 मिनट

---

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने कहा है कि वक्फ संपत्तियों का इस्तेमाल गरीबों, जरूरतमंदों और जनहित के लिए होना चाहिए। आज पटना में एक कार्यक्रम के बाद संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड में एक लंबे समय से सुधार की आवश्यकता थी और वक्फ संशोधन विधेयक इसी दिशा में एक कदम है।

————————————————————

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि पिछले ग्यारह वर्षों में नरेंद्र मोदी सरकार जब भी कोई नया कानून लेकर आई है, विपक्ष ने लोगों को केवल गुमराह किया है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि विपक्ष की कोशिश अल्पसंख्यक समुदाय के बीच भ्रम फैलाने की है। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक से गरीब मुस्लिमों, उपेक्षितों और महिलाओं को सबसे अधिक लाभ होगा।

————————————————————

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर विपक्षी दलों पर देश के मुसलमानों को गुमराह करने का आरोप लगाया है। आज समस्तीपुर में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह बिल वक्फ संपत्तियों के बेहतर प्रबंधन से जुड़ा है, जिसका लाभ हाशिये के मुसलमानों को भी मिलेगा। श्री हुसैन ने कहा कि बिल का समर्थन करने के कारण उन्हें मोबाईल फोन और सोशल मीडिया के माध्यम से जान से मारने की धमकी मिल रही है।

————————————————————

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राज्य में जल्द ही तीन सौ पचास नये डिग्री कॉलेज खोले जायेंगे। आज पटना में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि इन महाविद्यालयों की स्थापना से छात्रों को पढ़ाई के लिए बाहर नहीं जाना होगा। श्री

चौधरी ने कहा कि राज्य में आधारभूत संरचना के विकास पर लगातार काम हो रहा है। राज्य में दस नये एयरपोर्ट बनाए जायेंगे, जिसमें सात की स्वीकृति केंद्र सरकार से मिल गयी है।

---

पूर्व उप प्रधानमंत्री जगजीवन राम को आज उनकी जयंती पर श्रद्धापूर्वक याद किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाबू जगजीवन राम को श्रद्धांजलि अर्पित की है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि वंचितों और शोषितों के अधिकारों के लिए बाबू जगजीवन राम का आजीवन संघर्ष हमेशा प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। पटना में आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा समेत राज्य कैबिनेट के कई सदस्यों ने जगजीवन राम की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

मौर्य राजवंश के महान शासक सम्राट अशोक की जयंती आज राजकीय समारोह के रूप में मनायी जा रही है। पटना में आयोजित समारोह में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा समेत राज्य कैबिनेट के कई सदस्यों ने सम्राट अशोक की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

चैत्र नवरात्र के आठवें दिन आज देवी दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा–अर्चना की जा रही है। मान्यता है कि देवी के महागौरी स्वरूप की आराधना से भक्तों को सुख–सौभाग्य की प्राप्ति होती है तथा उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। माँ का यह स्वरूप अभय, रूप और सौंदर्य प्रदान करने वाला होता है। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि मंदिरों और शक्तिपीठों में महा अष्टमी की पूजा–अर्चना के लिये सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है। पूरा माहौल श्रद्धा और उत्साह के रंग में सराबोर है।

---

किशनगंज जिले के लंबाबस्ती से उत्पाद विभाग की टीम ने भारी मात्रा में शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

रोहतास जिले के सासाराम स्थित ताराचंडी धाम परिसर में ताराचंडी महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव में कई जाने–माने कलाकारों ने अपनी–अपनी प्रस्तुतियां दीं।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।